# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति जौनपुर की अध्यक्षता में पेयजल योजनाओं की दिनांक 03.10.2024 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग-1 के शा0सं0 95/छिहत्तर-1-2020-20स्वजल/2010 टी0सी0-अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020, के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु दिनांक 03.10.2024 को जिलाधिकारी जौनपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1-मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर।

2-जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।

3-अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।

4-श्री हुसैन बासा, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इफ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), जौनपुर

5. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर जौनपुर।

6. श्री नफीस बेग, डी0पी0एम0 मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0), जौनपुर।

7. श्री अनिल कुमार सिंह, जिला समन्वयक मेसर्स निप्पोकोई, (डी0पी0एम0यू0), जौनपुर।

8. समस्त सहायक अभियन्ता/जू0इं0, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद जौनपुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फेज-2 हेतु मेसर्स वेलस्पन कावेरी इफ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) को चयनित किया गया है तथा फेज-3 हेतु मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को चयनित किया गया है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा फेज-2 एवं फेज-3 के अन्तर्गत कुल 3127 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है जिनमें फर्म मेसर्स वेलस्पन कावेरी इफ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), को 882 नग राजस्व ग्राम एवं फर्म मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर जौनपुर को 2245 नग राजस्व ग्राम वर्तमान तक 3127 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु 1225 नग डी0पी0आर0 तैयार कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति से संस्तुति/स्वीकृति उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 1225 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (SLSSC) से स्वीकृत की जा चुकी है। 1225 नग योजनाओं के सापेक्ष 1225 नग (3127 राजस्व ग्राम) योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये 1225 नग (3127 राजस्व ग्राम) कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

Scanned with CamScanner

 

1225 नग योजनाओं के कवर अनुबन्ध गठन के सापेक्ष 1133 नग योजनाओं में नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण करते हुये अन्य कार्य यथा गृह संयोजन, वितरण प्रणाली बिछाना, पम्प हाउस बाउन्ड्रीवॉल के कार्य, अवर जलाशय एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्य कराये जा रहे है जिसकी प्रगति का विवरण फर्मवार निम्नानुसार है :–

1. मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)

फेज–2 के अन्तर्गत मेसर्स वेलस्पन कावेरी इफ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) को आवंटित 355 नग (882 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 355 नग (882 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 337 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 7171 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 5806 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 337 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 327 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 289 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से 38 नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है। फर्म द्वारा 60 नग योजनाओं में पम्प लोअर कर 55 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 39 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम से प्रतिदिन जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान तक फर्म द्वारा 196952 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 170389 नग गृह संयोजन किये गये है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यो की प्रगति बढाने हेतु कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर स्तर पर निरन्तर फर्म को पत्राचार किया जा रहा है परन्तु अभी भी अवर जलाशय, सोलर प्लॉट एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्यो में प्रगति बढाने हेतु मैनपावर की आवश्यकता है। 355 नग योजनाओं में से वर्तमान में 04 नग योजनाओं में सैलाइन वॉटर/भूमि विवाद निस्तारण की कार्यवाही करायी जा रही है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील स्तर पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि विवाद व कार्य विवाद निपटाने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं जिला समन्वयक (DPMU) को निर्देशित किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भू–जल आधारित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु अनुबन्धित फर्मो का निष्पादित कवर एग्रीमेन्टवार बुकलेट तैयार किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देशित किया गया, जिससे योजनाओं की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

Scanned with CamScanner

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्मों को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप लाइन डाले जाने हेतु तोडी गयी सड़कों के पुनर्स्थापना का कार्य निर्धारित मानकानुसार पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं आगामी त्योहारों में सड़क पुनर्स्थापना सम्बधित कार्य न किये जाने के कारण किसी अप्रिय घटना के संज्ञान में आने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, फर्म की समीक्षा बैठक के दौरान प्रगति निम्नानुसार पायी गयी

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | पाईप लाईन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सडक पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्राम वार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | 7171 | 5806 | 196952 | 170389 | 1272 | 1195 | 355 | 202 | 355 | 38 | 882 | 98 |

**<u>एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–</u>**

| कवर एग्रीमेन्ट संख्या | कार्य समाप्ति की तिथि | प्राक्कलन की संख्या | योजनाओं की औसत प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2024 | 118 | 71.78 |
| 2 | 31.12.2024 | 30 | 67.47 |
| 3 | 31.12.2024 | 54 | 67.54 |
| 4 | 31.12.2024 | 3 | 69.61 |
| 5 | 31.12.2024 | 19 | 57.73 |
| 6 | 31.12.2024 | 72 | 55.50 |
| 7 | 31.12.2024 | 44 | 52.26 |
| 8 | 31.12.2024 | 10 | 55.22 |
| 9 | 31.12.2024 | 5 | 56.50 |
| | **Total-** | **355** | **61.51** |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने के कारण फर्म के विरूद्ध L.D. (Liquidity Damage) लगाये जाने के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 03 प्रतिशत 2%+1% (730 दिवस से अधिक की उन योजनाओं पर जहां OHT के निर्माण कार्य पर श्रमिकों की संख्या कम हो), लगाया गया है।

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजना के निर्माण में लापरवाही की जा रही है एवं अपेक्षित प्रगति न होने के कारण सम्बन्धित फर्म को कड़े निर्देश दिये गये कि श्रमिकों की संख्या एवं मशीनरी में वृद्धि कर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करायें, अन्यथा फर्म के विरूद्ध L.D. (Liquidity Damage) लगाये जाने की संस्तुति की जायेगी।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0)**

Scanned with CamScanner

2. मेसर्स एफकान्स इन्फ्रास्ट्रक्चर–

फेज–3 के अन्तर्गत मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को आवंटित 870 नग (2245 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 870 नग (2245 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 796 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 16597 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 12967 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 745 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 735 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 733 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से 77 नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है। फर्म द्वारा 120 नग योजनाओं में पम्प लोअर कर 120 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 114 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम से प्रतिदिन जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान तक फर्म द्वारा 374050 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 296673 नग गृह संयोजन किये गये है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यो की प्रगति बढाने हेतु कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर स्तर पर निरन्तर फर्म को पत्राचार किया जा रहा है परन्तु अभी भी अवर जलाशय, सोलर प्लॉट एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्यो में प्रगति बढाने हेतु मैनपावर की आवश्यकता है। 870 नग योजनाओं में से वर्तमान में 28 नग योजनाओं में सैलाइन वॉटर/भूमि विवाद निस्तारण की कार्यवाही करायी जा रही है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील स्तर पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि विवाद व कार्य विवाद निपटाने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं जिला समन्वयक (DPMU) को निर्देशित किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भू–जल आधारित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु अनुबन्धित फर्मो का निष्पादित कवर एग्रीमेन्टवार बुकलेट तैयार किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देशित किया गया, जिससे योजनाओं की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्मो को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप लाइन डाले जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों के पुनर्स्थापना का कार्य निर्धारित मानकानुसार पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं आगामी त्योहारों में सड़क पुनर्स्थापना सम्बधित कार्य न किये जाने के कारण किसी अप्रिय घटना के संज्ञान में आने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। फर्म की समीक्षा बैठक के दौरान प्रगति निम्नानुसार पायी गयी।

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | पाईप लाईन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सडक पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्राम वार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | 16597 | 12967 | 374050 | 296673 | 2056 | 1972 | 853 | 517 | 869 | 77 | 2253 | 285 |

Scanned with CamScanner

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| कवर एग्रीमेन्ट संख्या | कार्य समाप्ति की तिथि | प्राक्कलन की संख्या | योजनाओं की औसत प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2024 | 60 | **72.70** |
| 2 | 30.06.2024 | 47 | **69.93** |
| 3 | 30.06.2024 | 53 | **66.16** |
| 4 | 30.06.2024 | 92 | **65.36** |
| 5 | 30.06.2024 | 129 | **87.21** |
| 6 | 30.06.2024 | 134 | **62.88** |
| 7 | 30.06.2024 | 81 | **51.92** |
| 8 | 30.06.2024 | 101 | **61.50** |
| 9 | 30.06.2024 | 85 | **60.08** |
| 10 | 30.06.2024 | 41 | **52.82** |
| 11 | 30.06.2024 | 47 | **52.62** |
| **Total** | | **870** | **62.11** |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने के कारण फर्म के विरूद्ध **L.D. (Liquidity Damage)** लगाये जाने के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 03 प्रतिशत एल0डी0 लगाया गया है।

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजना के निर्माण में लापरवाही की जा रही है एवं अपेक्षित प्रगति न होने के कारण सम्बन्धित फर्म को कड़े निर्देश दिये गये कि श्रमिकों की संख्या एवं मशीनरी में वृद्धि कर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करायें, अन्यथा फर्म के विरूद्ध **L.D. (Liquidity Damage)** लगाये जाने की संस्तुति की जायेगी।

उक्त प्रगति अत्यधिक कम है, दोनो ही फर्मों के कार्यों की प्रगति कम होने पर रोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण किये जाने हेतु मशीनरी/मैन पॉवर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स डी0सी0, डी0पी0एम0यू0)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन के सम्बन्ध में पूछे जाने पर जनपद में कार्यरत टी0पी0आई0ए0 संस्था मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 के डी0पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य से सम्बन्धित कमियों हेतु एन0सी0 लगायी जाती है जिसके निस्तारण पर ही भुगतान सम्बन्धित कार्यवाही की जाती है। डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अनावश्यक एन0सी0 न लगायी जाये एवं महत्वपूर्ण कार्य गुणवत्तापूर्ण संपादित न किये जाने की स्थिति में एन0सी0 लगाते हुए सुधारात्मक

Scanned with CamScanner

कार्यवाही मानकानुसार की जाये। डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0,की गयी सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता को प्रति सप्ताह अवगत करायेंगे एवं अधिशासी अभियन्ता मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करायेंगे।

अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स वेलस्पन (फेज–2) एवं मेसर्स एफकॉन्स (फेज–3) द्वारा पेयजल योजना के कार्य को समय से पूर्ण न किये जाने हेतु पर्याप्त मैन पॉवर न लगाये जाने से स्पष्ट है कि कार्यदायी संस्था मेसर्स वेलस्पन द्वारा शासन के दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रही हैं, मेसर्स वेलस्पन को कार्यों में वांछित प्रगति प्राप्त न करने हेतु चेतावनी जारी करें एवं दोनों फर्मों के सड़क पुनर्स्थापना सम्बन्धित कार्य की दैनिक प्रगति एवं सम्बन्धित स्थल का लोकेशन सहित फोटोग्राफ संकलित करें एवं अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें। अन्त में कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश के साथ बैठक समाप्त हुई।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बैठक का समापन किया गया।

Executive Engineer
Division Office
U.P. Jal Nigam (Rural)
Jaunpur

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
जौनपुर

पत्रांक 868/जल जीवन मिशन/25 दिनांक 15-10-2024

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2–अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3–संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4–मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5–मुख्य अभियन्ता (वा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6–मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
7–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
8–जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
9–टी0पी0आई0 / डी0पी0एम0यू0 जौनपुर।
10–प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) / मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
जौनपुर

Scanned with CamScanner